# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छत्तीसगढ़

## अरण्य भवन, सेक्टर - 19, नवा रायपुर, अटलनगर

**(प्रशासन/अराजपत्रित)**

(प्रभाग—प्रशासन/अराजपत्रित)

फोन एवं फैक्स— 0771—2512829 ईमेल—apccfng@gmail.com

क्रमांक/प्रशा.अराज.1/320—6/2024/ 10328 नवा रायपुर, दिनांक :04/10/2024

**प्रति,**

**वन संरक्षक**
वन प्रबंधन सूचना प्रणाली
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
छ.ग. अटल नगर, नवा रायपुर

**विषय :— वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची।**

संदर्भ :— आपका पत्र क्रमांक/1071, दिनांक 24.09.2024

—00—

संदर्भित पत्र के द्वारा वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु **द्वितीय चरण में दिनांक 12.06.2024 से 01.07.2024** तक ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की पात्र/अपात्र सूची उपलब्ध करायी गई है। निर्धारित तिथि तक कुल—59,366 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं, जिसमें से पात्र आवेदन पत्रों की संख्या—58242 एवं अपात्र आवेदन पत्रों की संख्या—1124 है। अतः पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति हेतु विभागीय वेबसाईट में अपलोड करावें। दावा आपत्ति के लिये दिनांक **07.10.2024 से 16.10.2024 तक (10 दिवस)** समय निर्धारित की जाती है।

वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु **प्रथम चरण** में ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु **दिनांक 20.05.2023 से 11.06.2023** तक समय निर्धारित किया गया था, जिसमें कुल 3,76,706 आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें से 3,74121 पात्र तथा 2585 आवेदन अपात्र हुये। पात्र आवेदनों में से दंतेवाड़ा वनमण्डल के अंतर्गत 567 एवं बीजापुर वनमण्डल के अंतर्गत 723 आवेदन पत्र ऐसे है, जहाँ अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनु.जाति का पद विज्ञापित नहीं होने के बाद भी उन वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया गया है। तत्समय भर्ती की कार्यवाही राज्य स्तर से किया जाना संभावित होने के कारण इनके आवेदनों को पात्र सूची में डाला गया है। चूंकि भर्ती की कार्यवाही वनमण्डल स्तर की जा रही है। अतः इन आवेदन पत्रों को (दंतेवाड़ा के 567 एवं बीजापुर के 723 कुल 1290) पृथक से अपात्र सूची में डाला जाकर, इन अभ्यर्थियों से भी उपरोक्त निर्धारित तिथि तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना है। यदि इन अभ्यर्थियों द्वारा अन्य वनमण्डल में विज्ञापित पद पर आवेदन करने का विकल्प/सहमति देता है तो तद्नुसार वनमण्डल परिवर्तन की कार्यवाही करें।

निर्धारित समयावधि उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दावा आपत्ति का निराकरण कराकर, वनमण्डलवार/वर्गवार अंतिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों की सूची इस कार्यालय को उपलब्ध करावें।

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा./अराज.)**
छ.ग. नवा रायपुर, अटल नगर

पृ.क्रमांक/प्रशा.अराज.1/320—6/2024/ 10329 नवा रायपुर, दिनांक :04/10/2024

**प्रतिलिपि** — स्टॉफ आफिसर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छ.ग. को सूचनार्थ प्रेषित।

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.अराज.)**
छ.ग. नवा रायपुर, अटल नगर